<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन</u>

पंतनगर। 18 जुलाई 2022। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों से विद्यार्थियों का नामी कम्पनियों में चयन हो रहा है। इसी क्रम में पगंउठमम छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने वाली एक ऑनलाइन शिक्षण कंपनी है तथा यह कम्पनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुलभ बनाकर नई पीढ़ी के स्मार्ट शिक्षार्थियों को तैयार करने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिक शिक्षण समाधान प्रदान करते है। पगंउठमम केन्द्र सरकार, बैकों, राज्य सरकारों, रेलवे, एलआई, नाबार्ड, सेबी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में नौकरियों के लिए परीक्षाओं की तैयारी में अकुशल स्नातक और स्नातक की मदद करते है और यह कम्पनी ऑनलाइन शिक्षण पाठ्यक्रम भी प्रदान करते हैं। इस शिक्षण कम्पनी को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से विश्वविद्यालय के 02 विद्यार्थियों सोनल सकलानी (एम.एससी. सस्य विज्ञान) एवं हिमानी (एम.एससी. मृदा विज्ञान) को चयनित किया गया है। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त लगभग पैकेज रू. 5.40 लाख वित्तीय तथा अन्य सुविधाएं प्रतिवर्ष देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला, ने निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श, डा. दीपा विनय ने बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।

1. सोनल सकलानी (एम.एससी. सस्य विज्ञान)

2. हिमानी (एम.एससी. मृदा विज्ञान)।